# ग्राम पंचायत जंगल, विकास खण्ड सुजानपुर, जिला हमीरपुर के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024

## भाग-1

1 **(क) प्रस्तावना:-**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत जंगल, विकास खण्ड सुजानपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों का प्रथम अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया |

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत जंगल में निम्नलिखित प्रधान व सचिव कार्यरत रहे:-**

**प्रधान :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति सकुन्तला देवी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**पंचायत सचिव:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अश्वनी कुमार | 01.04.2022 से 30.08.2022 |
| 2 | श्रीमति मीना देवी | 01.09.2022 से 31.11.2022 |
| 3 | श्रीमति रजनी देवी | 01.12.22 से 24.01.2023 |
| 4 | श्रीमति मीना देवी | 24.01.2023 से 11.05.2023 |
| 5 | श्री अश्वनी कुमार | 12.05.2023 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:-**

ग्राम पंचायत जंगल, विकास खण्ड सुजानपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01.04.22 से 31.03.24 तक के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है :-

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 6.1 | अनुदानों का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 23.64 |
| 2 | 7.1 | पंचायत का गृहकर/सम्पत्ति कर वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.07 |
| 3 | 7.3 | विवाह पंजीकरण शुल्क को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.03 |
| 4 | 8.1 | खनन सामग्री से रॉयल्टी की वसूली सुनिश्चित न करना | 0.80 |
| 5 | 8.2 | संविदाकार / आपूर्तिकर्ता के भुगतान बिलों से नियमानुसार स्त्रोत पर 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने के कारण अधिक भुगतान करना | 0.01 |
| 6 | 9.1 से 9.3 | निर्माण कार्यों हेतु नियमानुसार उच्च तकनीकी अधिकारियों की नमूना जाँच एवं सत्यापन के अभाव में दृष्टांत मामलों में अंकेक्षणापत्ति उपरान्त वसूली करना | 0.22 |
| 7 | 9.4 | पत्थर की खरीद में रिक्तियां (voids) की कटौती न करना | 0.04 |
| 8 | 9.5 | क्रय की गई सामग्री का माप पुस्तिकाओं में इन्द्राज न करना | 4.32 |
| 9 | 9.6 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना निर्माण सामग्री का क्रय करना | 3.09 |

**भाग-2**

**2. वर्तमान अंकेक्षण :-**

ग्राम पंचायत जंगल, विकास खण्ड सुजानपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री अमित कुमार कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 20.05.2024 से 27.05.2024 तक ग्राम पंचायत जंगल के कार्यालय में किया गया। आय-व्यय की विस्तृत जांच हेतू मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व: स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया :-

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022-23 | 03/2023 | 05/2022 |
| 2023-24 | 03/2024 | 06/2023 |

***अस्वीकरण (Disclaimer) :-*** *इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना / अभिलेख के अपूर्ण / गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतू हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।*

**3. अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत जंगल, विकास खण्ड सुजानपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4800/- आंका गया। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट / मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित करने हेतू अंकेक्षण अधियाचना संख्या 94/2024 दिनांक 27/05/2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायत जंगल द्वारा पंजाब नेशनल बैंक, जंगलबेरी, हमीरपुर, DDO NO-UQT 371088 दिनांक 06.06.2024 द्वारा उक्त राशि को निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित कर दिया गया।

**4. वित्तीय स्थिति:-**

सचिव, ग्राम पंचायत जंगल द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/2024 दिनांक 20.05.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार पंचायत के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के लेखों की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण **सलंग्न परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि दौरान आठ (8) रोकड़ बहियों अर्थात् स्व: स्त्रोत व अनुदान (समेकित) (Online), SDP (Online), VKVNY (Online), स्वच्छ भारत मिशन (Online), 5वें वित्तायोग (Online), 14वें वित्तायोग (Online), 15वें वित्तायोग (Online) व मनरेगा (Online) का रख-रखाव किया गया था।

**(1)(क) स्व: स्त्रोत व अनुदान (समेकित):-**

ग्राम पंचायत जंगल, विकास खण्ड सुजानपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक की स्वयं स्त्रोत व अनुदान (समेकित) वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित (₹) | कुल योग (2+3) (₹) | व्यय (₹) | अंतिम शेष (4-5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 247881.37 | 79631.00 | 327512.37 | 90898.00 | 236614.37 |
| 2023-24 | 236614.37 | 77273.00 | 313887.37 | 81232.00 | **232655.37** |

**(ख) अनुदान :-**

ग्राम पंचायत जंगल, विकास खण्ड सुजानपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के अनुदान की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित (₹) | कुल योग (₹) (2+3) | व्यय (₹) | अंतिम शेष (₹) (4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 3142105.84 | 7102892.05 | 10244997.89 | 7213541.45 | 3031456.44 |
| 2023-24 | 3031456.44 | 2584713.92 | 5616170.36 | 3252466.46 | **2363703.90** |

**(ग) संकलित वित्तीय स्थिति :-**

ग्राम पंचायत जंगल, विकास खण्ड सुजानपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक की संकलित वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित (₹) | कुल योग (₹) (2+3) | व्यय (₹) | अंतिम शेष(₹) (4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2022-23 | 3389987.21 | 7182523.05 | 10572510.26 | 7304439.45 | 3268070.81 |
| 2023-24 | 3268070.81 | 2661986.92 | 5930057.73 | 3333698.46 | **2596359.27** |

**(2) दिनांक 31.03.24 को ग्राम पंचायत जंगल, विकास खण्ड सुजानपुर, जिला हमीरपुर के बैंक शेष व हस्तगत राशि का अंतशेष का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्रम संख्या | बैंक का नाम | खाता संख्या | खाता नंबर | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Own Sources & GIA | PNB Jangal Beri | 1726000105049782 | 231755.37 |
| 2 | SDP | PNB Jangal Beri | 1726000105049746 | 151752.34 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **3** | VKVNY | PNB Jangal Beri | 1726000105049773 | 308820.26 |
| **4** | SBM | PNB Jangal Beri | 1726000105049791 | 936.00 |
| **5** | 5TH FC | PNB Jangal Beri | 1726000105040213 | 242056.00 |
| **6** | 14TH FC | PNB Jangal Beri | 1726000105037918 | 22.00 |
| **7** | 14TH FC | PNB Jangal Beri | 1726001700020048 | 03.00 |
| **8** | 14TH FC | HDFC SUJANPUR | 50100159693711 | 15.00 |
| **9** | 15TH FC | HDFC SUJANPUR | 50100344960018 | 1694101.30 |
| | | **योग** | | 2629461.27 |
| हस्तगत राशि (स्व: स्त्रोत व अनुदान) | | | | 900.00 |
| | | **योग (1+2)** | | 2630361.27 |

**(3) बैंक समाधान विवरणी :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1) | स्व: स्त्रोत –दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वितीय स्थिति अनुसार खाता "**क**" का अंतिम शेष | 232655.37 |
| 2) | अनुदान –दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वितीय स्थिति अनुसार खाता "**ख**" का अंतिम शेष | 2363703.90 |
| 3) | दिनांक 31.03.2024 पंचायत की वितीय स्थिति अनुसार खता "**क" व "ख**" का कुल अंतिम शेष (1+2) | **2596359.27** |
| 4) | दिनांक 31.03.24 को पंचायत के बैंक खातों / पैरा 4(2) के अनुसार खाता "**क" व "ख**" का कुल अंतिम शेष | 2629461.27 |
| 5) | दिनांक 31.03.24 को हस्तगत राशि (स्व: स्त्रोत व अनुदान) | 900.00 |
| 6) | योग (4+5) | **2630361.27** |
| 7) | **अन्तर (3-6)** | **34002.00** |

**(4) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंत शेष में ₹0.34 लाख का अंतर पाया जाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) व 10 (1) के अनुसार पंचायत की रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान करना अनिवार्य है | जबकि पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जिसके कारण दिनांक 31.03.24 को स्वच्छ भारत मिशन (Online) व् 5वें वित्तायोग (Online) शीर्ष की रोकड़ बही एवं बैंक के अंतिम शेष में राशि ₹34002/- का अन्तर रोकड़ बही में कम के रूप में पाया गया |

| क्रम संख्या | रोकड़ बही का नाम | दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही का अन्तशेष (₹) | दिनांक 31.03.2024 को बैंक शेष का योग (₹) | अन्तर (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन | 930 | 936 | 6 |
| 2 | 5वां वित्तायोग | 208060 | 242056 | 33996 |
| **कुल अंतर** | | | | **34002** |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 82/2024 दिनांक 20/05/2024 के प्रत्युत्तर में उक्त अंतर की राशि बारे सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा पत्र संख्या 34 दिनांक 27/05/2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त अन्तर राशि की जांच करके आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवा दिया जाएगा |

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वास्नानुसार अंतर के कारणों की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(5) खाता "क" तथा "ख" को अलग से नियमानुसार संधारित न करने बारे: -**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई संहिता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जायेंगे और ऐसी आय के लिये पंचायत निधि खाता-क खोला जाएगा। इसी तरह नियम 3 में दर्शाई संहिता संख्या 51 से 99 में वर्णित आय सहायता अनुदान विशेष

प्रयोजनों के लिये आबंटित निधियाँ और प्राप्त ऋण के लिये खाता-ख खोला जाएगा। इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HA (5) C (15)-(13) L 5-47005-81 दिनाँक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा स्वयं स्त्रोत व अनुदान राशि का खाता – **"क"** व खाता- **"ख"** अलग-अलग से तैयार नहीं किया गया था, जो कि उक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है और इस कारणवश यह पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अत: इस अनियमितता के बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये व नियमानुसार रोकड़ बही व स्कीमवार बैंक खातों का रख-रखाव किया जाए और ई-ग्राम स्वराज पर रोकड़ बही का अद्यतन सुनिश्चित किया जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(6) लेखा खाता /खाता बही (Account Ledgers) तैयार न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 (1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप 7 में लेखा खाता / खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों में लेखांकित आय–व्यय के सम्बन्ध में नियमानुसार खाता बहियां नहीं बनाई गई थीं | खाता बहियाँ नहीं बनाए जाने के कारण प्राप्त अनुदानों और स्वयं स्त्रोत की आय-व्यय को अलग-अलग नहीं किया जा सका।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/2024 दिनांक 20.05.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक संख्या 32 दिनांक 27.05.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि लेखा खाता बही को आगामी वित्त वर्ष से संधारित कर लिया जाएगा व इस विषय पर कार्यवाही करके आगामी अंकेक्षण को सूचित कर दिया जाएगा। पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अत: इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 की अवधि की खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**5 सावधिक निवेश :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीयकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष पंचायत निधि (स्व:-स्रोत) में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/2024 दिनाँक 20.05.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में प्रतिउत्तर पत्र संख्या 32 दिनांक 27/05/2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि पंचायत का अवधि 04/22 से 03/24 के दौरान सावधि जमा योजना में निवेश शून्य था |

अत: पंचायत सचिव को परामर्श दिया जाता है कि स्वयं स्त्रोत तथा अनुदान से सम्बन्धित बैंक खातों का स्कीमवार अलग-अलग रख-रखाव करके, स्वयं स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्राम पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके एवं कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए |

**6. अनुदान**

**6.1 अनुदान राशि ₹23.64 लाख का उपयोग न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली, 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिंग एजेन्सी की अपेक्षाओं व मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/2024 दिनांक 20.05.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **(परिशिष्ट"क")** पर सलंग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹2363704** की राशि उपयोग हेतू शेष थी, जिससे स्पष्ट है कि

विभिन अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/2024 दिनाँक 20.05.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 32 दिनाँक 27.05.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः उक्त मामले में आवश्यक कार्रवाई अमल में लाकर शेष अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इसके व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी को स्वीकृति प्राप्त करके नियमानुसार उक्त शेष राशि को निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाये, तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6.2 अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 88 के अनुसार पंचायत को दिए गए अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा सकता है, जिसके लिए अनुदान मंजूर किए गए हैं एवं उस अधिकारी को जिसने अनुदान मंजूर किए हैं, को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है |

इस सन्दर्भ मे जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/2024 दिनांक 20.05.2024 के प्रतिउत्तर की अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या 32 दिनांक 27/05/2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि विभिन्न अनुदानों के व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में जाँच हेतू प्रस्तुत कर दिए जाएंगे |

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना से शीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6.3 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/2024 दिनांक 20.05.2024 द्वारा मांगी गई सूचना के प्रतिउत्तर में पत्र संख्या 32 दिनांक 27/05/2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किए गए अनुदानों के आदेश / स्वीकृति पत्र पंचायत में प्राप्त नहीं हुए हैं तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरांत मौखिक रूप में अनुदानों के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है। यह एक अनुचित प्रक्रिया है क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता|

अत: अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सकता कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे|

अतः उक्त आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करके अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## 7. पंचायत राजस्व

### 7.1 पंचायत का गृहकर/ सम्पत्ति कर ₹0.07 लाख वसूली हेतु शेष :-

**(क)** हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत को गृहकर/ सम्पत्ति कर की वसूली करना अपेक्षित है तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के प्रावधानानुसार पंचायत को देय कोई भी राशि पर्याप्त कारणों के बिना परादेय नहीं रखी जायेगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 79/2024 दिनांक 20.05.2024 के क्रम संख्या 5, **सलंग्न (परिशिष्ट "ख")** के प्रतिउत्तर में पत्र संख्या 34 दिनांक 27/05/2024 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 31.03.2024 तक पंचायत राजस्व गृहकर के रूप में प्राप्ति योग्य राशि **₹6600** शेष थी।

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | परिवार | गृहकर वार्षिक दर (₹) | मांग (₹) | योग (₹) | प्राप्ति (₹) | वसूली हेतू शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 0 | 488 | 50 | 24400 | 24400 | 20150 | 4250 |
| 2023-24 | 4250 | 497 | 50 | 24850 | 29100 | 22500 | **6600** |

उक्त सारणी में वर्णित तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है।

अतः गृहकर की राशि के परादेय (outstanding) रखे जाने के कारणों का नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व इसकी शीघ्र वसूली करके अनुपालना अंकेक्षण को दिखाई जाए।

**(ख)** हि० प्र० पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 और 77 के अनुसार फार्म 10 पर पंचायत के गृहकर की मांग और संग्रहण रजिस्टर तैयार करना अपेक्षित है | अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के लिए पंचायत के गृहकर का मांग और संग्रहण रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था |

अतः गृहकर का मांग एवं संग्रहण रजिस्टर तैयार न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख तैयार करना सुनिश्चित किया जाए |

**7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क ₹0.002 लाख की वसूली न करना :-**

हिमाचल प्रदेश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या-SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹200/- प्रति विवाह तथा देरी के लिए दोगुनी दर से विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त किया जाना निर्धारित है जिसे समय- समय पर वसूल करने के उपरान्त हि० प्र० विवाह पंजीकरण नियम, 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित लेखा शीर्ष 0235-00-800-03 में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान **निम्न वर्णित** मामलों में विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में निर्धारित दरों से ₹200/- की वसूली नहीं की गई थी :-

| **क्रम संख्या** | **नाम** | **विवाह की तिथि** | **पंजीकरण कि तिथि** | **रशीद संख्या** | **वसूली योग्य राशि (₹)** | **वसूली गई राशि (₹)** | **शेष राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिकास भाटिया | 21.06.22 | 06.08.22 | 23086 | 400 | 200 | 200 |
| | | | **योग** | | | | **200** |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 85/2024 दिनांक 22.05.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 34 दिनांक 27/05/2024 द्वारा स्पष्ट किया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में कम वसूली गई राशि की वसूली हेतु रसीद **संख्या 24419** दिनांक

27/05/2024 द्वारा सम्बन्धित से करके पंचायत लेखे में जमा करवा दिया गया है और राशि जिसे राजकीय कोष के मद 0235-00-800-03 में जमा करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई सम्पूर्ण राशि को नियम प्रावधानानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करें अथवा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के मध्यनजर इसे शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**7.3 विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि ₹0.03 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाना :-**

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश की अधिसूचना संख्या- SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹200/- प्रति शुल्क तथा देरी के लिए दोगुनी दर से विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त करना निर्धारित है जिसे समय- समय पर वसूल करने के उपरान्त हि० प्र० विवाह पंजीकरण नियम, 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित लेखा शीर्ष 0235-00-800-03 में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि **₹2800**/- को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया था जिसका विवरण सलंग्न (**परिशिष्ट "ग"**) में दिया गया है।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 86/2024 दिनांक 22.05.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 34 दिनांक 27/05/2024 द्वारा स्पष्ट किया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई सम्पूर्ण राशि को उक्त नियम प्रावधानानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अथवा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसे शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**8. व्यय**

**8.1 ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से रॉयल्टी न वसूलने के कारण सरकार को राशि ₹0.80 लाख के राजस्व की सम्भावित वित्तीय हानि :-**

हिमाचल प्रदेश इंडस्ट्री विभाग की अधिसूचना संख्या: Ind-II(F)/6-14/2014,Vol-1 दिनांक 10.2.02022 as required under clause (3) of article 348 of the Constitution

of India) के अनुसार खनन सामग्री जैसे रेत/बजरी/पत्थर इत्यादि पर सरकार को रॉयल्टी का भुगतान किया जाना अपेक्षित है। हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास "फार्म डब्ल्यू" या सप्लीमेंटरी पास "फार्म एक्स" उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वित्तीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी के साथ करना होगा |

अंकेक्षण अवधि 2022-23 व 2023-24 के चयनित माह 05/2022 व 06/2023 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री जैसे पत्थर,रेत, बजरी इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए | परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को सलंग्न **(परिशिष्ट "घ")** अनुसार राशि **₹79990.079/-** का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 87/2024 दिनांक 22/05/2024 के प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 34 दिनांक 27/05/2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित रॉयल्टी की कटौती नहीं की गई है जिसे भविष्य में रॉयल्टी नियमानुसार काटी जाएगी अथवा ट्रांजिट पास फार्म लिया जाएगा | उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि ट्रांजिट पास की अनुपस्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25% पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था |

अतः राशि **₹79990.079** के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस मामले को सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर/पत्राचार कर तदानुसार निपटाया जाये एवं तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हिमाचल प्रदेश सरकार के आय लेखा शीर्षक: "0853-Non Ferrous Mining and Metallurgical Industries, 102-Mineral Concession Fees and Royalties, 81-Other receipts" में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

**8.2 संविदाकार / आपूर्तिकर्ता के भुगतान बिलों से नियमानुसार स्त्रोत पर 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने के कारण ₹0.06 लाख का अधिक भुगतान करना :-**

हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम, 2017 की धारा 51 तथा हि.प्र. आबकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78 EXN-TAX-Part(278/25)-29056 दिनांक

29/09/2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति / फर्म / संस्था / स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local authority / Govt. Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति, फर्म को सेवाएं तथा वस्तुएं प्रदान करने के बदले एक वित्तीय वर्ष में ₹250000/- से अधिक राशि के भुगतान पर 2% (1% सी.जी.एस.टी. +1% एस.जी.एस.टी.-अन्तर्राज्यीय आपूर्ति तथा 2% आई.जी.एस.टी.-अंतर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति / फर्म / संविदाकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है तथा उक्त कटौती की राशि को अगले माह 10 तारीख से पहले सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया जाना अपेक्षित है |

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के चयनित माह 05/2022 व 06/2023 में आपूर्तिकर्ताओं को सामग्री की आपूर्ति **निम्न विवरणानुसार** अनुसार राशि **₹308962.32** (जी.एस.टी. को छोडकर) कुल भुगतान किया गया था | लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा स्रोत पर राशि **₹6180/-** की 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. के रूप में कटौती नहीं की गई थी जोकि नियमानुसार अनुचित प्रक्रिया है |

| क्रम संख्या | चयनित माह | फर्म / व्यक्ति का नाम | क्रय सामान का विवरण | कुल राशि (₹) | कटौती दर | जी.एस.टी.(टी.डी.एस.) की कटौती योग्य राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05/2022 | Suresh Chand contractor, vpo kheri, sujanpur | sand, agrrigate and stone | 308962.32 | 2% | 6179.2464 |
| **TOTAL** | | | | | | **6180.00** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 88/2024 दिनांक 22/05/2024 के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या 34 दिनांक 27/05/2024 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित **₹6180/-** जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती बिलों में से नहीं की गई है, जिसे भविष्य में नियमानुसार काटा जाएगा | प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है |

अत: जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए, अथवा इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशय की स्थिति में इस प्रकरण को सम्बन्धित विभाग से उठाते हुये तदानुसार कृत कार्यवाही.से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा नियमानुसार देय अपेक्षित राशि की वसूली उचित स्रोत से करने उपरान्त सम्पूर्ण राशि सम्बन्धित विभाग में जमा करवाई जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को भी अवगत करवाया जाए |

**9.1 मनरेगा शीर्ष से करवाए गये निर्माण कार्य में प्रयुक्त निर्माण सामग्री सीमेंट को खपत से अधिक जारी करने के कारण ₹0.14 लाख का अधिक भुगतान करना :-**

अंकेक्षण अवधि 04/22 से 03/24 हेतु चयनित मास 05/2022 व 06/2023 में करवाए गए निर्माण कार्य के मूल्यांकन से सम्बन्धित माप पुस्तिका के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त निर्माण सामग्री **सीमेंट** को खपत से अधिक जारी करने के कारण निम्न विवरणानुसार **₹14382/-** का अधिक भुगतान किया गया था:-

**क) निर्माण कार्य का नाम :- c/o retaining wall panchayat ghar, jangal :-**

| मापन पुस्तिका व पृष्ठ संख्या | मद का नाम | मात्रा (घन मीटर) | रूपांतरण कारक | सीमेंट (बैग) |
|---|---|---|---|---|
| 34028<br>99, 101 | CC 1:4:8 | 42.63 | 3.40 | **144.94** |
| | स्टॉक रजिस्टर अनुसार कार्य हेतु जारी / खपत मात्रा | | | 148 |
| | अधिक खपत / जारी निर्माण सामग्री | | | **3** |
| | क्रय दर | | | 368.83 प्रति बैग |
| | अधिक भुगतान (8 x 368.83 bag) | | | 1106.49 |
| | **कुल अधिक भुगतान राशि** | | | **1106/-** |

**ख) निर्माण कार्य का नाम :- c/o pakka rasta from ravi kumar house to kartar chand house :-**

| मापन पुस्तिका व पृष्ठ संख्या | मद का नाम | मात्रा (घन मीटर) | रूपांतरण कारक | सीमेंट (बैग) |
|---|---|---|---|---|
| 34028<br>53, 60 | CC 1:4:8 | 2.57 | 3.40 | **8.73** |
| | CC 1:2:4 | 1.07 | 6.40 | **6.84** |
| | कुल खपत | | | **15.57** |
| | स्टॉक रजिस्टर अनुसार कार्य हेतु जारी / खपत मात्रा | | | 18 |
| | अधिक खपत / जारी निर्माण सामग्री | | | **2** |
| | क्रय दर | | | 368.83 प्रति बैग |
| | अधिक भुगतान (2 x 368.83 bag) | | | 737.66 |
| | **कुल अधिक भुगतान राशि** | | | **736/-** |

ग) निर्माण कार्य का नाम :- **c/o UPG jeepable sampark marg min road jakhu to shiv mandir :-**

| मापन पुस्तिका व पृष्ठ संख्या | मद का नाम | मात्रा (घन मीटर) | रूपांतरण कारक | सीमेंट (बैग) |
|---|---|---|---|---|
| 34028<br>80, 83 | CC 1:4:8 | 21 | 3.40 | **71.4** |
| | स्टॉक रजिस्टर अनुसार कार्य हेतु जारी / खपत मात्रा | | | 106 |
| | अधिक खपत / जारी निर्माण सामग्री | | | **34.6** |
| | क्रय दर | | | 368.83 प्रति बैग |
| | अधिक भुगतान (34 x 368.83 bag) | | | 12540.22 |
| | **कुल अधिक भुगतान राशि** | | | **12540/-** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 95/2024 दिनांक 27/05/2024 की अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या 34 दिनांक 27/05/2024 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया कि उक्त पत्र में वर्णित कार्यों (ख + ग) (736+12540 = 13276) के अधिक भुगतान राशि **₹13276/-** हेतु (रसीद संख्या– 24428 व् 24430 दिनांक 11.06.24 को काट कर राशि मनरेगा शीर्ष खाते में जमा करवा दी है, शेष राशि की वसूली सहित जमा की पुष्टि अंकेक्षण में करवाई जानी अपेक्षित है।

अत: अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त निर्माण कार्य (क) राशि ₹1106/- के किये गये अधिक भुगतान को आगामी उच्च तकनीकी अधिकारी की जाँच एवं सत्यापन सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा वस्तुस्थिति, नियमानुसार देय उक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार आगामी उच्च तकनीकी अधिकारियों की नमूना जाँच एवं सत्यापन सहित अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित करें।

**9.2 5वें वित्तायोग शीर्ष से करवाए गये निर्माण कार्यों हेतु ग्राम पंचायत द्वारा ₹0.08 लाख का सीमेंट के रूप में अधिक भुगतान करने बारे** :-

अंकेक्षण अवधि 04/22 से 03/24 हेतु चयनित मास 05/2022 व 06/2023 में निम्न विवरणानुसार 5वें वित्तायोग शीर्ष से करवाए गए निर्माण कार्यों के मूल्यांकन से सम्बन्धित माप

पुस्तिकाओं के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्नानुसार निर्माण कार्यों हेतु ग्राम पंचायत द्वारा सीमेंट के रूप में **₹7812/-** का अधिक भुगतान किया गया था :-

**(क) निर्माण कार्य का नाम :- c/o sock pit IRB jakhu :-**

| मापन पुस्तिका व पृष्ठ संख्या | मद का नाम | मात्रा (घन मीटर) | रूपांतरण कारक | सीमेंट (बैग) |
|---|---|---|---|---|
| 34028<br>53, 60 | CC 1:3:6 | 0.39 | 4.40 | **1.71** |
| 19653<br>44-47 | CC 1:1.5:3 | 1.05 | 8 | **8.4** |
| | Brik Work 1:6 | 4 | 1.2 | **4.8** |
| | कुल खपत | | | **14.91** |
| | स्टॉक रजिस्टर अनुसार कार्य हेतु जारी / खपत मात्रा | | | 18 |
| | अधिक खपत / जारी निर्माण सामग्री | | | **3** |
| | क्रय दर | | | 368.83 प्रति बैग |
| | अधिक भुगतान (3 x 368.83 bag) | | | 1106.49 |
| | **कुल अधिक भुगतान राशि** | | | **1106/-** |

**ख) निर्माण कार्य का नाम :- C/O Retaining wall with path near house of sambhu ram toward kuldeep house :-**

| मापन पुस्तिका व पृष्ठ संख्या | मद का नाम | मात्रा (घन मीटर) | रूपांतरण कारक | रेत (CFT) |
|---|---|---|---|---|
| 19606<br>83,84,85 | CC 1:4:8 | **11.22** | (.47 x 35.31) | **186.20** |
| | स्टॉक रजिस्टर अनुसार कार्य हेतु जारी / खपत मात्रा | | | 300 |
| | अधिक खपत / जारी निर्माण सामग्री | | | **113.79** |
| | क्रय दर (₹) | | | 14.95/cft |
| | अधिक भुगतान (113.79 x 14.95) | | | 1701.16 |
| | **कुल अधिक भुगतान** | | | **1701/-** |

**ग) निर्माण कार्य का नाम :- Repair Paver Block tile type 3 Qtr :-**

| मापन पुस्तिका व पृष्ठ संख्या | मद का नाम | मात्रा (घन मीटर) | रूपांतरण कारक | सीमेंट (बैग) |
|---|---|---|---|---|
| 19653<br>47-50 | CC 1:3:6 | 8.96 | 4.40 | **39.42** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | CC 1:2:4 | 0.64 | 6.4 | **4.09** |
| | कुल खपत | | | **43.51** |
| | स्टॉक रजिस्टर अनुसार कार्य हेतु जारी / खपत मात्रा | | | 60 |
| | अधिक खपत / जारी निर्माण सामग्री | | | **16** |
| | क्रय दर | | | 312.83 प्रति बैग |
| | अधिक भुगतान (16 x 312.83 bag) | | | 5005.28 |
| | **कुल अधिक भुगतान राशि** | | | **5005/-** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 96/2024 दिनांक 27/05/2024 की अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या 34 दिनांक 27/05/2024 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया कि उक्त पत्र में वर्णित कार्यों (क+ग)(1106+5005) के अधिक भुगतान राशि **₹6111/-** हेतु **(रसीद No– 24426 व् 24427)** दिनाँक 11.06.24 को काट कर राशि 5वें वित्तायोग शीर्ष खाते में जमा करवा दी गई है, शेष राशि की वसूली सहित जमा की पुष्टि अंकेक्षण में करवाई जानी अपेक्षित है।

अत: अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त निर्माण कार्य (ख) राशि ₹1701/- के किये गये अधिक भुगतान को आगामी उच्च तकनीकी अधिकारी की जाँच एवं सत्यापन सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा वस्तुस्थिति, नियमानुसार देय उक्त राशि की वसूली उचित स्रोत से करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृति पर अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार आगामी उच्च तकनीकी अधिकारियों की नमूना जाँच एवं सत्यापन सहित अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित करें।

**9.3 मनरेगा मद के अंतर्गत ₹0.02 लाख का अधिक भुगतान करने बारे :-**

